तापमान

अधिकतम 33 .3 डिग्री

न्यूनतम 14 .7 डिग्री

हरिभूमि

# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, सोमवार 6 अप्रैल 2026

12 खेलों से आत्म विश्वास व सहयोग भावना का होता है...



12 कार्यों का मूल्यांकन, लक्ष्यों की रूपरेखा...



## खबर संक्षेप

### अनाज मंडी में गेहूं खरीद की पूरी तैयारी

**नरवाना।** हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा है कि किसान हित राज्य सरकार के लिए सर्वोपरि है और वर्तमान रबी सीजन में किसान वर्ग को कोई दिक्कत नहीं आने दी जाएगी। शनिवार सायं स्थानीय पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में जनसमस्याएं सुनने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि हरियाणा की जनता ने सरकार को लगातार तीसरी बार आशीर्वाद दिया है और यह राज्य सरकार कि जन हितैषी नितियों पर मोहर है। गेहूं खरीद के सीजन को लेकर कैबिनेट मंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार ने अनाज मंडियों में पूरी तैयारी कर ली है। उन्होंने बताया कि वे स्वयं अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में हैं और सोमवार को अनाज मंडी का दौरा भी करेंगे। उन्होंने आश्वासन दिया कि किसी भी किसान व्यापारी या पल्लेदार को कोई परेशानी नहीं आने दी जाएगी और पूरी प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित होगी।

### 421 ग्राम चरस सहित आरोपी किया गिरफ्तार

**कैथल।** एंटी नारकोटिक सेल द्वारा एक आरोपी को 421 ग्राम चरस (सुल्फा) सहित काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एंटी नारकोटिक सेल प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार की अगुवाई में एएसआई राजेश कुमार की टीम थाना शहर कैथल में गश्त कर रही थी। इसी दौरान गुप्त सूचना मिली कि अर्जुन नगर निवासी सौरभ उर्फ हैप्पी चरस बेचने का अवैध धंधा करता है और उसे पट्टी अफगान क्षेत्र से मादक पदार्थ के साथ काबू किया जा सकता है। सूचना को पुख्ता मानते हुए पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए रेडिंग पार्टी का गठन किया और बताए गए स्थान पर पहुंचकर संदिग्ध युवक सौरभ उपरोक्त को काबू किया। पुलिस सूचना उपरांत मौके पर पहुंचे एईटीओ कैथल रोहित कुमार के समक्ष ली गई तलाशी दौरान आरोपी के कब्जे से एक बैग में रखी पॉलोथीन से 421 ग्राम चरस (सुल्फा) बरामद हुई।

### सड़क हादसे में तीन कार सवार घायल, भर्ती

**जींद।** जुलाना में रॉग साइड से आ रही गाड़ी की टक्कर से कार सवार तीन लोग घायल हो गए और गाड़ी को भी नुकसान पहुंचा। जुलाना थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर फरार गाड़ी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। राज नगर निवासी बिजेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपनी गाड़ी से रोहतक से जींद की तरफ आ रहा था। जुलाना के निकट रॉग साइड से आई गाड़ी ने उसकी गाड़ी को टक्कर मार दी। जिसमें उसे, उसकी बहन तथा मां को चोटें आई। गाड़ी को भी अच्छा नुकसान पहुंचा। घटना को अंजाम देकर चालक गाड़ी समेत मौके से फरार हो गया। जुलाना थाना पुलिस ने बिजेंद्र की शिकायत पर फरार गाड़ी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जींद को दी 253 करोड़ की कई योजनाओं की सौगात, लोगों को मिलेगा लाभ

16.28 करोड़ से डिस्ट्रीब्यूटरी नंबर 4 का पुनर्निर्माण होगा, सड़कों पर 56.61 करोड़ खर्च होंगे, पब्लिक हेल्थ के लिए 35.76 करोड़ की योजनाएं शुरू होंगी

# धन्यवाद रैली में विकास की बरसात, सड़क सिंचाई, शिक्षा व स्वास्थ्य को दी बूस्टर डोज

रैली को संबोधित करते हुए सीएम सैनी ने पूर्व की सरकारों पर जमकर हमला बोला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जींद में आयोजित धन्यवाद व विकास रैली में 253 करोड़ रूपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया है। मुख्यमंत्री ने 140 करोड़ 87 लाख आठ हजार रुपये की 12 परियोजनाओं का शिलान्यास तथा 112 करोड़ 14 लाख 10 हजार रुपये की लागत की तीन परियोजनाओं का उद्घाटन किया है।

### इन परियोजनाओं का किया उद्घाटन

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जिन परियोजनाओं का उद्घाटन किया है। उनमें सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग द्वारा 16 करोड़ 28 लाख 30 हजार रुपये की लागत से बनाई गई जींद डिस्ट्रीब्यूटरी नंबर 4 के पुनर्निर्माण का कार्य शामिल है। इसके अलावा 39 करोड़ 49 लाख 80 हजार रुपये की लागत से गांव स्तर पर आधुनिक सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली, सौर ऊर्जा आधारित सिंचाई व्यवस्था तथा इंटल खुर्द गांव में जल भंडारण के लिए बैलेंसिंग जलाशय निर्माण कार्य भी शामिल है। वहीं मुख्यमंत्री ने जींद स्थित चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में डा. भीमराव अम्बेडकर लाईब्रेरी बिल्डिंग का भी उद्घाटन किया। जिस पर 56 करोड़ 36 लाख रूपये खर्च हुए हैं। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने 12 परियोजनाओं का शिलान्यास भी किया। जिनमें हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड (एचएसएएमबी) द्वारा तीन करोड़ 18 लाख 81 हजार रुपये की लागत से गांव मनोहरपुर में बनाए जाने वाले परचेज सेंटर, लोक निर्माण विभाग (पीडब्लूडी बीएंडआर) द्वारा ऑफिसर कॉलोनी में 16 करोड़ 61 लाख 4 हजार रुपये की लागत से राजस्व अधिकारियों के लिए बनाए जाने वाले 56 आवासीय भवन, तीन करोड़ 14 लाख 62 हजार रुपये की लागत से दालमवाला-जीवनपुर-नगूरां मार्ग तथा दरियावाला से बरसौला मार्ग की विशेष मरम्मत तथा जींद-हांसी मार्ग से जींद-भिवानी मार्ग तक बायपास आरडी 5.375 से 5.567 मार्ग पहचान संख्या 10121 का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण का कार्य भी शामिल है। मुख्यमंत्री ने गांव निर्जन एप्रोच मार्ग का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण तथा जींद-सफीदों से हैबतपुर-खोखरी-बोहतवाला-दालमवाला होते हुए कंडेला मार्ग (परशुराम चौक से बायपास तक) का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण का शिलान्यास भी किया। इस पर चार करोड़ 56 लाख 90 हजार रुपये की लागत आएगी।





जींद। परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास करते हुए सीएम नायब सैनी।



जींद। रैली में आई महिला शक्ति।





रैली को संबोधित करते सीएम नायब सैनी।

### राज्य मार्ग का भी होगा विकास, मिलेगी सुविधा

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सीआरआईएफ योजना के अंतर्गत पानीपत से सफीदों राज्य मार्ग 11 तथा सफीदों से जींद राज्य मार्ग 14 का फोरलेनिंग, चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण का शिलान्यास भी किया। इस पर 56 करोड़ 61 लाख 4 हजार रुपये खर्च होंगे। उन्होंने जिला सैनिक एवं अर्धसैनिक कल्याण विभाग द्वारा नौ करोड़ 98 लाख 40 हजार रुपये की लागत से समेकित सैनिक सदन के निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत गांव कंडेला में नौ करोड़ 90 लाख 83 हजार रुपये की लागत से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कार्य, जल निकासी प्रणाली को सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने की दिशा में सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग की एक करोड़ 9 लाख 19 हजार रूपये की लागत से मनोहरपुर ड्रेन खुदाई परियोजना का शिलान्यास भी किया।

### पब्लिक हेल्थ के लिए 35 करोड़ 76 दिए

मुख्यमंत्री ने 35 करोड़ 76 लाख 25 हजार की लागत से पब्लिक हेल्थ इंजीनियरिंग विभाग की परियोजनाओं का शिलान्यास भी किया है। इनमें जलालपुरा कलां, इंटल कलां व इंटल खुर्द में तीन नहर आधारित परियोजनाओं का निर्माण कार्य तथा 2 मौजूदा कार्यों का विस्तार का शामिल है। इसके तहत संगतपुरा, जाजवान व ढांडा खेड़ी गांवों को कॉमन पंपिंग स्टेशन के माध्यम से पानी की आपूर्ति एवं डीआई पाइपलाइन बिछाने के कार्य होंगे।

### रानी तालाब पर बनेगा ऑडिटोरियम पार्किंग की सुविधा भी मिलेगी

**जींद।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि विपक्षी दलों का एक ही एजेंडा है वोट लो और शोषण करो। इस क्षेत्र के लोगों के साथ उन्होंने हमेशा झूठे वायदे किए और विकास की बजाय यहां पिछड़ेपन को रखा। मुख्यमंत्री नायब सैनी रविवार को जींद में आयोजित धन्यवाद व विकास रैली को संबोधित कर रहे थे। रैली के संयोजक हरियाणा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण कुमार मिड्ढा ने जींद पहुंचने पर मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिविल अस्पताल से पांडू पिंडारा गोहाना रोड का 4.5 करोड़ रुपये की लागत से डिवाइडर का रेनोवेशन किया जाएगा। ठंडी हलवाई की दुकान से वाया रामराय गेट से झांज गेट से रुपया चौक तक मॉडल सड़क बनाने तथा रानी तालाब पर ऑडिटोरियम व पार्किंग के लिए 60 करोड़ रुपये देने की घोषणा की।

### सरकार की योजनाओं से हो रहा है प्रदेश का अभूतपूर्व विकास : कृष्ण लाल पंवार

धन्यवाद एवं विकास रैली को संबोधित करते हुए हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं के कारण आज देश और प्रदेश में अभूतपूर्व विकास हो रहा है। जो कार्य पहले वर्षों तक लंबित रहते थे, वे आज तेजी से पूर्ण हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर ने जिस समानता और अधिकार आधारित समाज का सपना देखा था, उसे साकार करने का कार्य वर्तमान केंद्र व प्रदेश सरकार ने किया है। पूर्व की सरकारों ने बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर के नाम का केवल उपयोग ही किया है।

### विकास और जन कल्याण की दिशा में निरंतर बढ़ रहा हरियाणा : बराला

राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा कि आज हरियाणा प्रदेश विकास और जन कल्याण की नई दिशा में आगे बढ़ रहा है। यह परिवर्तन केवल योजनाओं का नही बल्कि सोच और संकल्प का परिणाम है। पहले जहां किसान, युवा और आमजन अपनी मूलभूत आवश्यकताओं के लिए संघर्ष करते थे वहीं आज सरकार ने हर वर्ग के लिए पारदर्शी और प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की है। उन्होंने कहा कि किसान हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और उनकी समृद्धि ही प्रदेश की समृद्धि है।

### सरकार ने जनता की भलाई को अपना ध्येय माना: मोहन लाल कौशिक

रैली को संबोधित करते हुए बीजेपी के प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल कौशिक ने कहा कि सरकार ने जनता की भलाई को अपना ध्येय माना है। सरकार ने युवाओं को रोजगार देने का काम किया है। डीएससी समाज को न्याय देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि गरीब महिलाओं को 500 रुपये में गैस का सिलेंडर दिया जा रहा है। लाडो लक्ष्मी योजना के तहत 2100 रुपये दिए जा रहे है। उन्होंने कहा कि सरकार किसान का एक एक दाना खरीदने के लिए संकल्पबद्ध है।

## संदिग्ध हालात में युवती लापता, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव देशखेड़ा से युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर जुलाना थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

गांव देशखेड़ा निवासी एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दो मार्च को बहन खाना खाकर कमरे मे सो गई। सुबह देखी तो वह गायब मिली। तलाशने तथा पूछताछ करने पर पर उसकी बहन का कोई सुराग नही लगा। जुलाना थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## रंजिशन महिला पर चढ़ाई गाड़ी, दो पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

राज नगर में रंजिशन महिला को गाड़ी से टक्कर मार जान लेने की कोशिश करने पर शहर थाना पुलिस ने घायल महिला की शिकायत पर दोनों लोगों के खिलाफ जानलेवा हमला करने समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

राजनगर निवासी लीला देवी ने पुलिस को दी शिकासत में बताया कि उसका बेटे दीपक व रविंद्र अपने मकान में बैठे हुए थे। उसी दौरान राजनगर निवासी आर्यन व उसका साथी अवतार स्कोर्पियो गाड़ी से आए और उसके बेटों से गाली गलौज करने लगे। कुछ समय के बाद दोनों फिर गाड़ी लेकर आए। वह मकान के बाहर खड़े हुए थे। उसी दौरान आरोपितों ने उस पर गाड़ी चढा दी। उस गाड़ी की चपेट में बाइक सवार भी घायल हो गया। लोगों ने उसे गाड़ी के नीचे से निकाला और नागरिक अस्पताल पहुंचाया। शहर थाना पुलिस ने लीला देवी की शिकायत पर आर्यन तथा अवतार के खिलाफ जानलेवा हमला करने समेत विभिन्न धाराओ के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## गांव शेरगढ़ में महिला से जमीन खरीद फरोख्त में 2.20 करोड़ रुपये ठगे, केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

गांव शेरगढ़ में एक दंपती ने महिला से जमीन खरीद-फरोख्त के नाम पर 2.20 करोड़ रुपए की ठगी कर ली। महिला की शिकायत के बाद तितरम थाना पुलिस ने दंपती के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महिला ने आरोप लगाया कि । रुपए लेने के बाद आरोपियों ने जमीन की रजिस्ट्री किसी अन्य व्यक्ति के नाम करवा दी। पुलिस को दी शिकायत में गांव जाजनपुर निवासी सोनिया ने बताया कि उसने साल 2024 में गांव शेरगढ़ में करीब साढ़े 4 एकड़ जमीन खरीदने का सौदा किया था। कैथल निवासी सुरेंद्र कुमार बंसल उसके पिता का पुराना परिचित था। दिसंबर 2024 में सुरेंद्र ने पैसों की जरूरत बताते हुए जमीन बेचने की बात कही। इसके बाद दोनों पक्ष शेरगढ़ में जमीन देखने गए, जहां 75 लाख रुपए प्रति एकड़ के हिसाब से सौदा तय हुआ। सौदे अनुसार उसने और उसके परिजनों ने सुरेंद्र बंसल और उसकी पत्नी ऊषा बंसल को अलग-अलग समय में 2.20 लाख रुपए नकद व ऑनलाइन माध्यम से दे दिए। आरोपियों ने 31 दिसंबर से पहले रजिस्ट्री कराने का भरोसा दिया था, लेकिन बाद में बहाने बनाने लगे। ऊषा बंसल ने दामाद का हवाला देकर कहा कि वह अभी रजिस्ट्री के लिए तैयार नहीं है। इस तरह दोनों लगातार टालमटोल करते रहे। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस मामल की जांच में जुटी है।

### शेयर मार्केट में निवेश का झांसा देकर हड़पे 59.67 लाख

जींद। व्यक्ति को शेयर मार्केट मे निवेश पर मुनाफे का झांसा देकर उसी के नाम पर लोन लेकर 59.67 लाख रुपये हडपने का मामला सामने आया है। शहर थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत दो लोगो को नामजद कर कुछ अन्य के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कृष्णा कालोनी निवासी नरेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि एक व्यक्ति मीर सिंह आया और उसने गांव रामपुरा जिला अलवर राजस्थान निवासी राकेश यादव से मिलवाया। उसने राकेश का शेयर मार्केट का किंग बताया। आरोपित ने शेयर मार्केट मे अच्छा मुनाफा बता कर उसे झांसे में लिया। असमर्थता न होने की बात कहने पर आरोपित ने कुछ बैंक कर्मियों से मिलवाया। वह उसके नाम पर अलग-अलग बैंकों से लोन करवा कर उसे शेयर मार्केट में लगाएगा। 31 दिसंबर 2023 को आरोपित ने उसे रेवाड़ी निवासी अनिल यादव के आवास पर बुलाया। गारंटी के तौर पर अपनी जमीन की रजिस्ट्री करवाने की बात कही।

### जमीन की सौदेबाजी कर पांच लाख हड़पे, दो नामजद

जींद जमीन की सौदेबाजी कर पांच लाख रुपये हड़पने पर शहर थाना पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। भिवानी रोड निवासी फूलकुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने गांव बीबीपुर निवासी प्रदीप के पिता रणबीर से भिवानी रोड पर प्लाट को सौदा किया था। जिसकी कीमत 34 लाख 30 हजार रुपये तय हुई थी। तीन अगस्त 2022 को उसने पचास हजार रुपये नगद तथ साढ़े चार लाख रुपये का चैक दे दिया। जिसके बाद दो जनवरी 2023 को रजिस्ट्री का दिन तय कर दिया गया। आरोपित ने खाता अलग न होने की बात कही। जिसके बाद आरोपित को अपने हिस्से से रजिस्ट्री करवाने की बात कही।

## परिवहन समिति की 142 बसों की लगी रैली में ड्यूटी





जींद। बस अड्डा पर मौजूद यात्री। फोटो : हरिभूमि

- यात्रियों को गोहाना, नरवाना, बरवाला, असंध, पानीपत व हांसी रूट पर हुई परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद में रविवार को मुख्यमंत्री की धन्यवाद एवं विकास रैली हुई। जिसमें मुख्यातिथि के रूप में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने शिरकत की। कार्यक्रम में लोगों को लाने के लिए परिवहन समिति की 142 बस लगाई गई थी। ऐसे में यात्रियों को गोहाना, नरवाना, बरवाला, असंध, पानीपत व हांसी जैसे रूट पर परेशानी हुई। जिलेभर में अलग-अलग रूटों पर 162 प्राइवेट बसें दौड़ रही हैं। वहीं इस बार रोडवेज बस की जगह परिवहन समिति की बस कार्यक्रम में भेजी गई, जिससे यात्रियों को लोकल रूट पर परेशानी हुई। दोपहर बाद परिवहन समिति की बसे चलने से मिली यात्रियों को राहत।

### लोगों को नहीं होने दी गई कोई परेशानी

जिला परिवहन अधिकारी गिरीश कुमार ने बताया कि रविवार को मुख्यमंत्री की धन्यवाद एवं विकास रैली में परिवहन समिति की बसों की व्यवस्था की गई थी। जैसे ही रैली समाप्त हुई तो परिवहन समिति की बसों को रूट पर भेजा दिया गया था। इसके अलावा रोडवेज बस भी व्यवस्था संभाले हुई थी, जिससे यात्रियों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हुई।

## बाइक चोरों पर एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टॉफ का शिकंजा, तीन पकड़े

- अलग-अलग 2 मामलो में 3 बाइक चोर काबू, 2 बाइक बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टॉफ द्वारा अलग अलग 2 मामलो में 3 आरोपियों को काबू किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की पहले मामले में एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टॉफ प्रभारी एसआई मुकेश कुमार की अगुवाई में एएसआई जसमेर सिंह की टीम द्वारा आरोपी सीवन निवासी विजय को काबु कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की सीवन निवासी दीपक की शिकायत अनुसार 29 मार्च को दादा खेड़ा सीवन के पास खड़ी उसकी बाइक को अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया। जिस बारे थाना सीवन में मामला दर्ज किया गया। व्यापक पूछताछ दौरान आरोपी के कब्जे से उक्त चोरीशुदा बाइक बरामद कर ली गई। प्रवक्ता ने बताया की एक अन्य मामले की जांच एएसआई ईश्म सिंह द्वारा करते हुए आरोपी गांव शिमला निवासी इशांत व राहुल को काबू कर लिया गया। बता दे की जिला पानीपत के गांव गढ़ी निवासी विक्रम नाथ की शिकायत अनुसार वह 14 दिसम्बर 2025 को मटोर से लोधर रोड पर एक भंडारे में गया हुआ था। जहां से उसकी बाइक अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गए। आरोपियों के कब्जे से चोरीशुदा बाइक बरामद कर ली गई। सभी आरोपी रविवार को अदालत में पेश किए जाएगे, जिनसे पूछताछ की जा रही है।



तीनो बाइक चोर आरोपी पुलिस गिरफ्त में

### गोयल ने मुख्यमंत्री के साथ डिप्टी स्पीकर का भी जताया आभार

## रोहतक रोड को फोरलेन बनाने की सीएम ने की घोषणा

यह घोषणा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जींद में आयोजित रैली के दौरान की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

शहर के लिए एक बड़ी राहत भरी खबर सामने आई है। लंबे समय से बदहाल पड़े रोहतक रोड को अब फोरलेन मॉडल सड़क के रूप में विकसित किया जाएगा। यह घोषणा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जींद में आयोजित रैली के दौरान की। जिससे क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई है। इसके लिए प्रमुख समाज सेवी राजकुमार गोयल ने मुख्यमंत्री के साथ साथ डिप्टी स्पीकर का भी आभार जताया है। इस महत्वपूर्ण फैसले के पीछे समाजसेवी डा. राजकुमार गोयल की लगातार उठाई जा रही आवाज और प्रयासों को अहम माना जा रहा है। गोयल पिछले लंबे समय से इस सड़क को एक मॉडल रोड के रूप में विकसित करने की मांग कर रहे हैं। हाल ही में भी उन्होंने मुख्यमंत्री से अपील करते हुए जींद दौरे के दौरान रोहतक रोड की बदहाल वास्तविक स्थिति का निरीक्षण करने और इसे उच्च गुणवत्ता के साथ पुनर्निर्मित करने की मांग रखी थी। मुख्यमंत्री ने रैली के मंच से इस सड़क को फोरलेन बनाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि देवीलाल चौक से लेकर बाईपास तक इस सड़क को फोरलेन बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री की इस घोषणा के बाद डा. राजकुमार गोयल ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह फैसला जींद शहर के विकास की दिशा में एक बड़ा कदम साबित होगा।



जींद। रोहतक रोड की बदहाल सड़क। फोटो : हरिभूमि

### गोयल ने स्थानीय लोगों और व्यापारियों के साथ उठाई आवाज

गोयल ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ-साथ हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर एवं जींद के विधायक कृष्ण मिड्ढा का इस घोषणा के लिए आभार जताया हैं। गोयल ने उम्मीद जताई कि रोहतक रोड को मजबूत, सुरक्षित और संतुलित डिजाइन के साथ मॉडल सड़क के रूप में विकसित किया जाएगा। जिससे न केवल यातायात सुगम होगा बल्कि शहर की सुंदरता और व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। गौरतलब है कि रोहतक रोड की खराब स्थिति को लेकर पिछले कई वर्षों से प्रमुख समाज सेवी राजकुमार गोयल स्थानीय लोगों, व्यापारियों और सामाजिक संगठनों के साथ आवाज उठाते रहे हैं। बार-बार मरम्मत के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई थी। ऐसे में अब फोरलेन सड़क की घोषणा को लोगों ने बड़ी उपलब्धि और राहत के रूप में लिया है।

## खबर संक्षेप

### नरवाना में हुई तेज बारिश व ओलावृष्टि

**नरवाना।** नरवाना में शनिवार रात्रि को भयंकर आंधी तूफान के साथ तेज बारिश हुई व ओलावृष्टि हुई। ओलावृष्टि होते ही तापमान लगभग पांच डिग्री नीचे चला गया। एक और जहां तापमान पांच डिग्री नीचे चला गया वहीं दूसरी ओर किसानों का चेहरे पर चिंता के लकीरें साफ नजर आ रही थी। किसानों का पीला सोना खेतों में इस समय तैयार है और मंडी में आ रहा है किंतु इस ओलावृष्टि की वजह से कहीं ना कहीं फसलों को बहुत ज्यादा नुकसान पहुंचा है। जैसे ही तेज बरसात के साथ ओलावृष्टि हुई तो लोगों ने वीडियो बनानी शुरू कर दी शहर की लाइट पूरी तरह से काट दी गई ताकि कोई अनहोनी ना हो।

### छह को देवीलाल की जयंती पर होगा कार्यक्रमः जेजेपी

**उचाना।** जननायक जनता पार्टी के जिला प्रधान जोरा सिंह डूमरखा ने बताया कि 6 अप्रैल को हर साल की तरह जिला स्तर पर पूर्व उप-प्रधानमंत्री देवीलाल की जयंती जींद के देवीलाल चौक पर मनाई जाएगी। इसमें भारी संख्या में कार्यकर्ता शामिल होंगे और स्व. देवीलाल को नमन करेंगे। डूमरखा ने कहा कि भाजपा सरकार से प्रदेश का हर वर्ग परेशान हैं और अपनी मांगों के लिए सड़कों पर उतर कर प्रदर्शन कर रहा है। किसान की फसल पर सबसे ज्यादा शर्त लगाकर सरकार ने गलत काम किया है। सरकार को चाहिए कि किसानों की फसल पर लगाई गई शर्त को तुरंत हटाए।

### टेलीकॉम कर्मचारियों का शोषण बंद हो

**जींद।** ऑल टेलीकॉम कर्मचारी संघ की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में टेलीकॉम सेक्टर के कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर विचार किया गया। संघ के अनुसारए कर्मचारियों से पूरा कार्य लिया जा रहा है लेकिन उन्हें उचित वेतन, सुविधाएं और अधिकार नहीं दिए जा रहे हैं। संघ के प्रधान सुरेश चौधरी ने मांग की कि सभी कर्मचारियों के कार्य घंटे सरकारी श्रम कानूनों के अनुसार तय किए जाएं। न्यूनतम वेतन 35 हजार प्रति माह निर्धारित किया जाए। 10 हजार प्रति माह यात्रा भत्ता दिया जाए। संघ ने चेताया कि यदि कर्मचारियों की मांगों को जल्द पूरा नहीं किया गया तो हड़ताल करेंगे।

### पिता के सपनों को पूरा कर रहे हैं मिड्ढा : भौंगरा

**उचाना।** समाज सेवी एवं पूर्व चेयरपर्सन प्रतिनिधि ओमप्रकाश भौंगरा जींद में डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण मिड्ढा की अगुवाई में हुए सीएम नायब सिंह सैनी की विकास एवं धन्यवाद रैली में साथियों के साथ पहुंचे। भौंगरा ने कहा कि डॉ. कृष्ण मिड्ढा के मिलनसार रवैये का आज हर कोई कायल है। स्व. डॉ. हरिचंद मिड्ढा के पद चिन्हों पर चलते हुए उनके सपनों को साकार करने काम राजनीति के माध्यम से डॉ. कृष्ण मिड्ढा कर रहे है। जींद रैली में उमड़ी रिकॉर्ड तोड़ भीड़ ने साबित कर दिया है कि निरंतर जींद में उनकी लोकप्रियता बढ़ रही है। मिलनसार रवैये के ऐसे इंसान आज के जमाने में बहुत कम होते है।

### जींद में आयोजित धन्यवाद एवं विकास रैली में बोले कैबिनेट मंत्री

# विपक्ष केवल विरोध करता है, भाजपा सरकार कर रही विकास : कृष्ण बेदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद



जींद। मंच पर मुख्यमंत्री को स्मृति चिन्ह देते हुए मंत्री बेदी। फोटो : हरिभूमि

कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा कि विपक्ष कहता है कि न बीजेपी कर्मचारी, महिलाओं, मजदूर की नही सुनती। विपक्ष के पास इससे ज्यादा कुछ नही है। विधानसभा में भी यही बोलते हैं। वो केवल विरोध करना चाहते हैं। आज 24 फसलें एमएसपी पर हरियाणा प्रदेश में खरीदी जा रही हैं। खराबे का पैसा सबसे पहले हरियाणा में सरकार ने डाला है। महिलाओं को 500 रुपये में सिलेंडर दिया जा रहा है। हर वर्ग के लिए जनकल्याणकारी योजनाएं भाजपा सरकार हर वर्ग के लिए चला रही है।

कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी रविवार को जींद में आयोजित धन्यवाद एवं विकास रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में हरियाणा विकास पथ पर अग्रसर है। आज हरियाणा में जो सरकार बनी है वो केवल जींद की वजह से बनी है। भूपेंद्र हुड्डा कहते थे कि जींद मेरा है। ठेकेदारी तो जींद की करते थे और वोट बटोरते थे और जींद में कभी विकास नही किया। जींद के लोगों ने बता दिया कि हम भाजपा के साथ हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में भाजपा सरकार हर वर्ग का कल्याण कर रही है। बेदी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि जातिवाद के झगड़े यह फैलाएंगे और आरोप उन पर लगाया जाएगा। भाजपा ने कभी इलाका देख कर विकास नही किया, न ही नौकरियां दी। संपूर्ण देश का विकास करने की योजना लेकर भाजपा सरकार आई है। इसी सोच को लेकर भाजपा सरकार चल रही है।

बेदी ने कहा कि विधानसभा में हुड्डा ने कहा कि यह वोट चोरी की सरकार है। जिस दिन उन्होंने जवाब दिया और बताया कि 46 जगह वोट मांगने नही गए तो वोट चोरी कौन सी हो गई। बीरेंद्र सिंह, रणदीप सुरजेवाला के बेटे व शैलजा को यह हराने में लग रहे थे। बेदी ने कहा कि आज जो पूरे देश के अंदर चारों तरफ कमल का फूल खिला है, वो भाजपा कार्यकर्ताओं की बदौलत है। आज धन्यवाद और विकास रैली है। धन्यवाद तो कितना करें कोई सीमा नही है। एक तरफ 11 साल बेमिसाल तो दूसरी तरफ प्रतिपक्ष का लगभग 60 साल का राज। भाई के किसी भी कोने में चले जाओ लेकिन जींद में जाना मुश्किल है। आज लोग कह रहे हैं कि यदि दिल्ली से कुछ भी नजदीक है तो वो जींद है। सड़कों पर कभी टांकियां नही लगती थी आज नेशनल हाइवे जींद की धरती से गुजर रहे हैं। आज चारों तरफ विकास ही विकास नजर आ रहा है। इसका कारण देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सबका साथ, सबका विश्वास, सबका विकास। इस बात को भाजपा ने 11 साल में सिद्ध करने का काम सरकार ने किया है।

### भाजपा कार्यकर्ता आज फहराएंगे अपने घरों पर पार्टी का झंडा : सतीश जांगड़ा



*उचाना। उचाना भाजपा मंडलध्यक्ष सतीश जांगड़ा ने बताया कि 6 अप्रैल को पार्टी स्थापना दिवस मनाया जाएगा। पार्टी का 47वां स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। यह दिन पार्टी की विचारधारा, इतिहास और कार्यकर्ताओं के सम्पर्ण को याद करने के लिए समर्पित है। स्थापना दिवस पर हर कार्यकर्ता अपने घर पर पार्टी का झंडा फराएंगे। सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास की सोच के तहत भाजपा कार्य कर रही है।*

# कांग्रेस में जो विधायक हैं, वो भी कांग्रेस में नहीं : डा. मिड्ढा

### डिप्टी स्पीकर ने मुख्यमंत्री को कभी राजा तो कभी अर्जुन कहकर पुकारा

- जींद में आयोजित धन्यवाद एवं विकास रैली को संबोधित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस की पोल खुल गई। कांग्रेस में आपसे में लड़ाई हो रही है। कांग्रेस के लोग आज कांग्रेस को छोड़ने पर मजबूर हो रहे हैं। कांग्रेस में जो विधायक हैं, वो भी कांग्रेस में नही है। इससे पहले कांग्रेस ने जींद का कभी भी विकास नही किया।

आपके सामने कांग्रेस के हालात छुपे नही है। जब से मुख्यमंत्री नायब सैनी के सहयोग से तीसरी बार लगातार भाजपा की सरकार बनी है। जींद विकास के नए आयाम छू रहा है।



जींद। रैली को संबोधित करते हुए डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा।

हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा रविवार को जींद में आयोजित धन्यवाद एवं विकास रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जो लोग जींद को बैकवर्ड कहते थे वो लोग आज सोचने को मजबूर हैं।

जहां इरादों में दम हो वहां राय खुद बनती है। जींद की मिट्टी में अब नई कहानियां पलती हैं। पहले की सरकार नींद में साई रही और जींद का कुछ नही किया। भाजपा सरकार ने जींद को विकास के पथ पर अग्रसर किया।

#### यह केवल धन्यवाद रैली नहीं : मिड्ढा

*मिड्ढा ने कहा कि यह रैली केवल धन्यवाद और विकास रैली नही है बल्कि जींद के स्वाभिमान विकास व भविष्य को तय करने का संकल्प है। क्योंकि जो ख्वाब जो अधूरे थे, उन्हें पूरा किया है हमने। जो रूक गई थी राय उसे फिर से जिया है हमने। जींद हरियाणा का उभरता हुआ जींद है। जिसे बैकवर्ड कहा जाता था। जब से हरियाणा बना, बहुत से सरकारें आई और चली गई। चार-चार मंत्री रहे। वो अपना समय जींद को रैली का गढ़ बनाया लेकिन जींद के विकास की बात किसी ने नही सोची। जींद के बारे में किसी ने सोचा तो वो भाजपा ने सोचा है। मिड्ढा ने कहा कि उनके पिता स्व. हरिचंद मिड्ढा जब विपक्ष में थे तो उस समय उन्होंने जींद के लिए मेडिकल कालेज दिया जाए लेकिन उस समय पूर्व मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने उनकी बात को तुरंत माना और आज जींद में 19 मंजिला बिल्डिंग आपके सामने बन कर तैयार है। विश्वविद्यालय में आज बच्चे लॉ की पढ़ाई पढ़ रहे हैं। जो जींद ट्यूब्वेलों के सहारे चलता था, आज वहां भाखड़ा का नीला पानी आने वाला है। यह योजना जींद को मुख्यमंत्री नायब सैनी ने देने का काम किया है। मुख्यमंत्री ने सरकार बनने पर शपथ जब ली जब उन्होंने 25 हजार युवाओं को नौकरी दे दी। जींद में ही देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन जींद से सोनीपत तक चलेगी। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा प्रदेश में गुंडों को कोई जगह नही है। बिना पर्ची व खर्ची के होनहार युवाओं को नौकरी मिल रही है।*

### छह हैंडबाल खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पाया तीसरा स्थान

**उचाना।** उत्तर प्रदेश के बरेली में 54वीं सीनियर राष्ट्रीय महिला हैंडबाल प्रतियोगिता 30 मार्च से 3 अप्रैल तक आयोजित हुई। राजस्थान, गुजरात, पुंडूचेरी, बिहार जैसी मजबूत टीमों को हराकर और सेमीफाइनल में उत्तर प्रदेश से मात्र 1 गोल से हारकर 54वीं सीनियर राष्ट्रीय महिला हैंडबाल प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त किया हैं। ईरा इंटरनेशनल स्कूल डूमरखां के डायरेक्टर जुगमिंद्र सिंह ने बताया की टीम में ईरा इंटरनेशनल स्कूल डूमरखा के कोंचिग सेंटर की छह महिला खिलाड़ियों आरती, दीपिका, प्रवेश, प्राची, गरिमा, आरजू ने जीत में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। प्रतियोगिता में अकेले डूमरखा गांव की आरती, दीपिका, प्रवेश, आरजू, मधू, खुशी टीम का हिस्सा बनीं।

## न्यूज डायरी



### केकेएचडी टीवी रियलिटी शो में उचाना कलां के कार्तिक रहे सेकेंड रनरअप

**उचाना।** उचाना के कार्तिक ने टीवी रियलिटी शो किसमे कितना है दम में शानदार प्रदर्शन करते हुए एक्टिंग प्रतियोगिता में सेकेंड रनर अप बनकर क्षेत्र का नाम रोशन किया। कार्तिक श्री शिव मंदिर सनातन धर्म वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय उचाना कलां का पूर्व छात्र है। 3 अप्रैल को टीवी रियलिटी शो किसमें कितना है दम का ग्रांड फिनाले का आयोजन रायत बाहरा यूनिवर्सिटी चंडीगढ़-रोपड़ हाईवे खरड़ (पंजाब) में संपन्न हुआ। शो के चार राउंड हुए। पहले राउंड ऑडिशन, दूसरा राउंड मेगा ऑडिशन, तीसरा राउंड क्वार्टर फाइनल और चौथा राउंड सेमीफाइनल का रहा। प्रतियोगिता में उत्तराखंड, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान तथा पंजाब से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्तिक ने साबित किया कि मेहनत और आत्मविश्वास से सपना पूरा हो सकता है।




### डस्टबिन के बिना स्वच्छता नहीं : सेव

**जींद।** सोसाइटी फोर एडवांसमेंट ऑफ विलेज एंड अर्बन इंवायरमेंट सेव ने झांझ गेट से पंजाबी बाजार, तांगा चौक, हनुमान गली और न्यू मार्केट एरिया में साई अभियान चलाया। सेव संस्था के प्रधान नरेंद्र नाडा की अध्यक्षता में चलाया गया यह 460वां अभियान था। संस्था सदस्यों ने दुकानों के बाहर पड़े पॉलिथीन को उठाते हुए लोगों को स्वच्छता का संदेश देने का प्रयास किया। लोगों को समझाते हुए कहा कि डस्टबिन के बिना स्वच्छता नहीं रह सकती। डस्टबिन नगर परिषद को गाड़ी को देना चाहिए। सभी लोग डस्टबिन का प्रयोग करेंगे। उसी से हमारा शहर, गांव और देश सुंदर होगा। हमारा बच्चों का भविष्य उज्ज्वल होगा। इस मौके पर पार्षद राकेश चुघ, अशोक गुलाटी प्रधान कपड़ा एसोसिएशन, सेवानिवृत्त सीएसआई बलबीर सिंह श्योकंद, रोहताश गुप्ता, महेश सैनी नंबरदार, मास्टर जोरा सिंह रेढू, अजय नैन, सुजान सिंह पूनिया, अजय नागपाल आदि ने योगदान किया।



### महामहिम राज्यपाल अशीम कुमार पहुंचे नरवाना

**नरवाना।** हरियाणा के महामहिम राज्यपाल अशीम कुमार घोष रविवार को नरवाना पहुंचे। उन्होंने पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में कुछ समय के लिए विश्राम किया। राज्यपाल का यह दौरा हिसार में आयोजित एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम में शामिल होने के दौरान हुआ। जहां जाते हुए उन्होंने नरवाना में कुछ पलों के लिए रुके। राज्यपाल के आगमन को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। इस दौरान नरवाना के एसडीएम जगदीश चंद्र भी मौके पर मौजूद रहे और उन्होंने राज्यपाल का स्वागत करते हुए आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। हालांकि यह दौरा अल्पकालिक रहा लेकिन राज्यपाल के आगमन से स्थानीय प्रशासन में हलचल देखने को मिली। पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस परिसर में सुरक्षा और प्रोटोकॉल के तहत सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखी गईं। स्थानीय स्तर पर इस दौरे को प्रशासनिक दृष्टि से अहम माना जा रहा है। क्योंकि राज्यपाल के आगमन से क्षेत्र की व्यवस्थाओं और प्रशासनिक तत्परता का भी आंकलन होता है। नरवाना के भाजपा कार्यकर्ता और सभी मंडलों के अध्यक्षों राज्यपाल का जोरदार स्वागत किया।



### बायो गैस प्लांट बंद कराने को सीएम से की मुलाकात

**जींद।** शहर के गोहाना रोड पर रिहायशी क्षेत्र के बीच बना बायो गैस प्लांट को बंद करवाने के लिए प्रतिनिधिमंडल विश्राम गृह में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिला। इस अवसर पर डिप्टी स्पीकर डॉ कृष्ण मिड्ढा भी मौजूद थे। इस दौरान मुख्यमंत्री को प्रतिनिधि मंडल ने गैस प्लांट को बंद कराने के लिए जहां ज्ञापन सौंपा वहीं उसके दुष्परिणामों के बारे में अवगत कराया। कंडेला खाप के प्रधान ओमप्रकाश कंडेला के नेतृत्व में मुख्यमंत्री से मिले। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुखिया से गोहाना रोड़ स्थित बायो गैस प्लांट को रिहायशी क्षेत्र से दूर करने की मांग की गई है। इस गैस प्लांट के कारण भविष्य में जन और धन को बड़े स्तर पर नुकसान होगा। क्योंकि बायो गैस प्लांट से जो धुंआ निकल रहा है वह लोगों को बीमारियां देने का काम करेगा। नए बस अड्डे के आसपास जहां जमीनों के भाव गिर चुके है। इससे लोगों को बड़ा भारी नुकसान होगा। लोग ना तो वहां घर खरीदेंगे और ना ही बेच पायेंगे। मौके पर बिजेंद्र दहिया, राकेश भनवाला, सेवा सिंह, दयानंद भनवाला, विरेंद्र पिंडारा, बलजीत सिंह, जय भगवान, राजबीर मौजूद रहे।

### एजुकेशनल एवं इंडस्ट्रियल टूर की मांग

# बीबीए और बीकॉम अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जींद इकाई ने विद्यार्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए डीन ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट डा. जसवीर सुरा को एक ज्ञापन सौंप कर बीबीए छठे सेमेस्टर और बीकॉम छठे सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए एजुकेशनल टूर एवं इंडस्ट्रियल टूर आयोजित करवाने की मांग उठाई। एबीवीपी जींद विश्वविद्यालय अध्यक्ष सतविंदर ढिल्लो ने बताया कि कॉमर्स एवं मैनेजमेंट विभाग के विद्यार्थियों से हर वर्ष एजुकेशनल टूर के नाम पर लगभग 200 रुपये की राशि ली जाती है लेकिन दुर्भाग्य की बात यह है कि आज तक विद्यार्थियों को एजुकेशनल या इंडस्ट्रियल टूर पर नहीं ले जाया गया। एजुकेशनल टूर उनके पाठ्यक्रम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होता है, जिससे उन्हें प्रैक्टिकल ज्ञान प्राप्त होता है। विशेष रूप से बीबीए और बीकॉम के विद्यार्थियों के लिए इंडस्ट्रियल विजिट आवश्यक है।



जींद। जसवीर सूरा को ज्ञापन सौंपते हुए छात्र।

क्योंकि इससे उन्हें मैनेजमेंट, अकाउंटिंग, मार्केटिंग और बिजनेस ऑपरेशंस की जानकारी मिलती है। विद्यार्थियों से नियमित रूप से टूर के नाम पर फीस ली जा रही है तो उन्हें इसका लाभ भी मिलना चाहिए। यदि किसी कारणवश टूर आयोजित नहीं किया गया है तो विभाग को इसकी स्पष्ट जानकारी विद्यार्थियों को देनी चाहिए और जल्द से जल्द टूर की योजना बनानी चाहिए। एबीवीपी नेता मयंक बंसल ने कहा कि ऐसी लापरवाही विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास को प्रभावित करती है।



जींद। शिविर में रक्तदान करने वाली महिलाओं को सम्मानित करते हुए।

### रक्तदान स्वास्थ्य के लिए लाभकारी : बलविंद्र सिंह

**जींद।** समाज सेवी संस्था सृष्टि फाउंडेशन द्वारा रविवार को शहर की अर्बन एस्टेट स्थित अग्रवाल धर्मशाला में स्थापना दिवस को समर्पित अपने 13वें रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 52 पुरूष एवं महिलाओं ने रक्तदान किया। सृष्टि के प्रवक्ता बलविंदर सिंह ने बताया कि शिविर में रक्तदाताओं की हौंसलाअफजाही की गई और इस पुनित कार्य में भाग लेने पर रक्तदाताओं का आभार जताया गया। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से न केवल किसी की जान बचाई जा सकती है बल्कि रक्तदान रक्तदाता के स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी होता है। रक्तदान शिविर के परियोजना प्रमुख पियूष बंसल ने कहा कि हमारे द्वारा दान दिया गया रक्त कई जरूरतमंदों की जिंदगी बचा सकता है। सृष्टि फाउंडेशन के स्थापना दिवस को समर्पित यह रक्तदान शिविर समाज में सेवा व संस्कार को मजबूत करेगा। सृष्टि फाउंडेशन के संयोजक डा. विवेक सिंगला, संस्था के प्रधान सुनील गोयल ने कहा कि रक्तदान महादान है और इसका कोई विकल्प नहीं है। इस शिविर के प्रबंधन के लिए जिला नागरिक अस्पताल से डा. शिप्रा, वरिष्ठ तकनीशियन अशोक कुमार एवं नर्सिंग अधिकारियों सहित ब्लड बैंक की पूरी टीम मौजूद रही।



जींद। बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# रोटरी जींद मिडटाउन ने बच्चों को सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

रोटरी जींद मिडटाउन ने गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल सिंध्वीखेड़ा में अवार्ड सेरेमनी का आयोजन किया। जिसमें विद्यालय के होनहार छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

पूर्व प्रधान माया राम देवली एडवोकेट ने बताया कि इस कार्यक्रम में कक्षा छह से नौ तथा ग्यारहवीं के उन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपनी कक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया है। साथ हीए पिछले वर्ष के बैस्ट परफोमर्स स्टूडेंटस को भी सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त रोटरी ने विद्यालय को 30 ट्यूबलाइट्स, एक पोडियम भेंट किया। प्राचार्या सुनीता नांदल जोकि 30 अप्रैल को सेवानिवृत होंगी उनका सम्मान भी इस समारोह में उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए किया गया। प्रधान तरुण जैन, सचिव अशोक शर्मा, आरके जैन, प्रोजेक्ट चेयरमैन एसके गर्ग, को चेयरमैन घासी राम, सीपी मलिक, सतपाल जैन, अंकुर बिंदल आदि मौजूद रहे। इस मौके पर सरपंच, उनकी कार्यकारिणी, एसएमसी सदस्य एवं अभिभावक मौजूद रहे।

### 31 हजार क्विंटल से अधिक गेहूं मंडी पहुंचा

# आढ़तियों की हड़ताल का पहले दिन नजर नहीं आया असर

हरिभूमि न्यूज ⏭ उचाना

गेहूं के जो नए नियम बनाए है उसको लेकर अनिश्चित कालीन जो हड़ताल आढ़तियों द्वारा की गई थी उसका असर कम नजर आया। 300 से अधिक गेट पास कटे। 31 हजार क्विंटल से अधिक गेहूं मंडी लेकर किसान पहुंचे। कपास मंडी गेट, हाइवे स्थित अतिरिक्त मंडी के गेट पर ताले जो शनिवार को लगाए थे वो उन गेटों पर जरूर नजर आए। आढ़तियों ने टैंट अतिरिक्त मंडी गेट के पास जरूर लगाया लेकिन आढ़तियों की संख्या वहां कम नजर आई। किसान संगठनों द्वारा गेहूं के नियमों को लेकर जरूर मार्केट कमेटी कार्यालय के सामने धरना शुरू किया। किसान नेताओं ने कहा कि अगर नियम नहीं बदले तो वो गेट पास नहीं कटने देंगे। गेहूं की फसल लेकर आने वाले किसानों ने कहा कि जो नियम बनाए गए है उससे शुरूआत में उन्हें किसी तरह की परेशानी नहीं हुई है। सीजन में आगे क्या होगा इसका पता नहीं है। मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा निरंतर खरीद को लेकर जो इंतजाम किए गए है उनका जायजा लेते नजर आए। इनेलो हलकाध्यक्ष बिल्लू पेगां भी अपनी टीम के साथ मंडी का दौरा करने पहुंचे।





जींद। पुरानी मंडी मार्केट कमेटी कार्यालय के बाहर धरना देते हुए किसान संगठन तथा एंट्री गेट पर गेट पास संबंधित प्रक्रिया पूरा करते हुए किसान।

#### कुछ मिनटों में कटा गेट पास

दुर्जनपुर के किसान जिले सिंह ने कहा कि वो गेहूं की ट्राली लेकर मंडी पहुंच तो कुछ मिनट में ही उसका गेट पास कटने सहित जो नए नियम है उसकी प्रक्रिया पूरी हो गई। किसी तरह की परेशानी नहीं हुई है। गाड़ी के आगे नंबर लगाते है तो ट्रैक्टर के आगे भी नंबर लगाने के नियम से परेशानी नहीं होनी चाहिए। किसान रतना ने कहा कि किसी तरह की परेशानी गेट पास कटने, बायो मेट्रिक सहित अन्य प्रक्रिया से नहीं हुई है। जो नियम गेहूं की खरीद को लेकर बनाए गए है उससे आगे परेशानी होगी या नहीं पता नहीं लेकिन जो गेहूं की ट्राली लेकर आए हमें तो अब कोई परेशानी नजर नहीं आई।

#### नए नियमों से बढ़ेगी परेशानी

किसान बंसी कुचराना, सुखबीर करसिंधु ने कहा कि नए नियमों से परेशानी किसानों की बढ़ी है। फसल के सीजन में ट्रैक्टरों की संख्या बढ़ेगी तो परेशानी बढ़ेगी क्योंकि प्रक्रिया में समय ज्यादा लगेगा। परिवार में अगर अकेला किसान हो तो वो क्या करेगा। किसान अपनी फसल को उतार कर खेत जल्दी से जल्दी जाना चाहता है। जो नियम है उससे किसानों को परेशानी होगी। मंडी का दौरा करने पहुंचे इनेलो हलकाध्यक्ष बिल्लू पेगां ने कहा कि इनेलो द्वारा हर मंडी में किसान कष्ट निवारण केंद्र खोले गए है। इनेलो किसानों के साथ है। इनेलो के दबाव के चलते ही जो सरकार ने 8 से 6 बजे तक गेट पास का नियम बनाया था उसमें बदलाव कर दिन-रात का किया। जो नियम बनाए गए है वो किसानों को परेशान करने वाले है।

#### कुछ ही देर में पूरी हो जाती है प्रक्रिया

मंडी सुपरवाइजर राजबीर ने कहा कि किसान गेहूं लेकर आ रहे है। कुछ ही देर में सभी प्रक्रिया पूरी हो रही है। किसानों को किसी तरह की परेशानी नहीं होने दी जा रही है। चार प्वाइंट अतिरिक्त मंडी में बनाए गए है तो तीन पुरानी मंडी में है। किसान अपनी फसल को जल्दी से जल्दी बेचना चाहता है ओर किसान की फसल आते ही मंडी में सारी प्रक्रिया पूरी करके उतर रही है।

**विपक्ष किसानों को उकसा रहा है :** मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा ने कहा कि जो नए नियम बनाए है उससे किसी तरह की परेशानी नहीं होगी। सुबह 8 से शाम 6 के नियमों में बदलाव कर 24 घंटे मंडी खुले रहने के निर्देश सीएम ने दिए है। गेहू बेचने की सारी प्रक्रिया कुछ ही देर में पूरी हो रही है। सीएम के प्रयासों से निरंतर किसान हित के लिए कार्य हो रहे है।

शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में समाज के लोग, युवा और महिलाएं रहीं शामिल

# महर्षि कश्यप जयंती पर शोभा यात्रा में विधायक ने दिया एकता का संदेश

## समाज में सद्भाव और भाईचारे की भावना को मजबूत करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पुंडरी

पूंडरी में महर्षि कश्यप जयंती के पावन अवसर पर भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के विधायक सतपाल जांबा विशेष रूप से शामिल हुए। शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में समाज के लोग, युवा, महिलाएं और बुजुर्ग उत्साहपूर्वक शामिल हुए, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्तिमय और उत्सव का माहौल बना रहा। यह शोभा यात्रा शहर के विभिन्न मार्गों से होकर निकली, जहां जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा स्वागत किया गया। विधायक जांबा भी श्रद्धालुओं के साथ पैदल चलते हुए शामिल हुए और महर्षि कश्यप को नमन करते हुए समाज में एकता व भाईचारे का संदेश दिया। अपने संबोधन में विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि महर्षि कश्यप जी हमारे महान ऋषि थे, जिनके आदर्श और शिक्षाएं आज भी समाज को एकजुट रखने और आगे बढ़ाने की प्रेरणा देती हैं। हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए समाज में सद्भाव, सहयोग और भाईचारे की भावना को मजबूत करना चाहिए।



पूंडरी। आयोजित शोभा यात्रा में भाग लेते हुए विधायक सतपाल जांबा। फोटो : हरिभूमि

## रक्तदान जीवन जीवन का सबसे बड़ा पुण्य

- भाजपा नेता अशोक गुर्जर एवं चेयरमैन विजेंद्र मैहला ने शिविर में शिरकत की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ढांड



श्रीकृष्ण कृपा सेवा ट्रस्ट रजि. ढांड द्वारा राधा कृष्ण धर्मशाला ढांड के प्रांगण में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यातिथि के रूप में हरियाणा भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक गुर्जर ढांड एवं भाजपा ढांड मंडल अध्यक्ष एवं मार्कीट कमेटी चेयरमैन विजेंद्र मैहला जडौला शिरकत की। शिविर में पहुंचने पर ट्रस्ट के पदाधिकारियों व सदस्यों ने अशोक गुर्जर व विजेंद्र मैहला का फूलों की माला डालकर स्वागत किया और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। शिविर का शुभारंभ भाजपा नेता अशोक गुर्जर ने रक्दाताओं को बेज लगाकर उनका हौसला बढ़ाया। इस मौके पर अपने संबोधन में हरियाणा भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक गुर्जर ने 'रक्तदान महादान' अभियान को समाज के लिए अत्यंत प्रेरणादायक पहल बताते हुए सभी नागरिकों से इसमें बढ़-चढक़र भाग लेने की अपील करते हुए कहा कि रक्तदान महादान एक पहल जो बचा रही है हजारों जिंदगियां। युवाओं में रक्तदान का जज़्बा बढ़ रहा है समाज को मिल रही नई दिशा। रक्तदान करने से न केवल किसी व्यक्ति का जीवन बचाया जा सकता है, बल्कि यह स्वयं दाता के स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी होता है। उन्होंने युवाओं से विशेष रूप से आह्वान किया कि वे इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने में अग्रणी भूमिका निभाएं। भाजपा नेता अशोक गुर्जर ने कहा कि रक्तदान न केवल एक मानवीय कर्तव्य है, बल्कि यह सामाजिक और धार्मिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है।

### भाजपा स्थापना दिवस पर पूंडरी में विधायक कार्यालय पर विशाल रक्तदान शिविर आज



पूंडरी। एक किरण उम्मीद की संस्था द्वारा भाजपा के स्थापना दिवस के अवसर पर 6 अप्रैल आज विधायक कार्यालय, करनाल मार्ग पूंडरी में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर प्रातः 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित होगा, जिसमें क्षेत्र के युवाओं, महिलाओं एवं समाजसेवियों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की गई है। इस अवसर पर क्षेत्र के विधायक सतपाल जांबा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे और रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करेंगे। संस्था की अध्यक्ष एवं समाजसेवी निधि मोहन ने सभी क्षेत्रवासियों से इस पुण्य कार्य में भाग लेने की अपील करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है और आपका एक इकाई रक्त किसी जरूरतमंद की जान बचा सकता है। आयोजकों ने अधिक से अधिक लोगों से इस शिविर में पहुंचकर मानव सेवा में अपना योगदान देने का आह्वान किया है।

## खबर संक्षेप



कैथल। महिला व उसके बच्चों को परिजनों से मिलाती पुलिस टीम।

### राजौंद थाना पुलिस ने गुमशुदा महिला व उसके दो बच्चों को परिजनों से मिलवाया

कैथल। पुलिस के ऑपरेशन स्माइल अभियान के तहत राजौंद थाना पुलिस ने सराहनीय कार्य करते हुए गुमशुदा महिला व उसके दो बच्चों को सुरक्षित परिजनों से मिलवा दिया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि राजौंद क्षेत्र के एक व्यक्ति ने शिकायत दी कि शनिवार 4 अप्रैल की सुबह उसकी पत्नी दोनों बच्चों के साथ पेहवा जाने के लिए घर से निकली थी, लेकिन कई घंटे बीत जाने के बाद भी वे न तो गंतव्य स्थान पर पहुंचे और न ही घर लौटे। उनके पास मोबाइल फोन भी नहीं था, जिससे संपर्क संभव नहीं हो पाया। सूचना मिलते ही पुलिस कंट्रोल रूम के माध्यम से टीमें सक्रिय कर दी गईं और महिला व बच्चों की तलाश शुरू की गई। तलाश के दौरान देर शाम महिला अपने दोनों बच्चों के साथ कैथल बस अड्डे पर मिल गई। जांच में सामने आया कि महिला गलती से गलत बस में सवार हो गई थी, जिससे वह भटक गई। बाद में वह बस के माध्यम से दोबारा कैथल पहुंची और फिर राजौंद की ओर आई। पुलिस टीम ने राजौंद बस स्टैंड से महिला व बच्चों को सकुशल बरामद कर परिजनों को बुलाकर उन्हें सौंप दिया।

### सर्व कर्मचारी संघ 13 अप्रैल को जवाहर पार्क में करेगा युद्ध विरोधी अभियान

कैथल। सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा, सीटू, रिटायर कर्मचारी संघ, किसान सभा, जनवादी महिला समिति,हरियाणा ज्ञान विज्ञान समिति व किसान सभा की सयुक्त बैठक भगत सिंह भवन में हुई। इसकी अध्यक्षता सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान ओमपाल भाल ने व संचालन जिला सचिव शिवचरण ने किया। बैठक में छज्जू राम, सावित्री देवी, जयप्रकाश शास्त्री, विमल, जसबीर सिंह, अमृत लाल व हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के राज्य महासचिव रामपाल शर्मा विशेष रूप से मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि 13 अप्रैल को जलियांवाला बाग हत्याकांड की वर्षगांठ व बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर सभी संगठन सयुक्त रूप से सेमिनार आयोजित करेंगे एवं साम्राज्यवाद एवं युद्ध विरोधी अभियान के तहत जवाहर पार्क से पहेवा चौक तक प्रदर्शन किया जाएगा।



### पूर्व सैनिकों ने मासिक बैठक की चीफ जस्टिस के लिए धन्यवाद प्रस्ताव किया पारित

कैथल। हनुमान वाटिका में रविवार को पूर्व सैनिकों की अप्रैल माह की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत दिवंगत पूर्व सैनिकों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर की गई। इसके बाद मार्च माह की गतिविधियों और लेखा-जोखा पर चर्चा की गई। बैठक में एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने संगठनात्मक विस्तार पर भी निर्णय लिए। वरिष्ठ उपप्रधान के रिक्त पद पर नौसेना के लेफ्टिनेंट मेघ सिंह राणा तथा मुख्य सलाहकार के पद पर बीएसएफ के इंस्पेक्टर सोम दत्त शर्मा को सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया। बैठक में भारत के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्य कांत द्वारा लेह-लद्दाख में फायर एंड फ्यूरी कॉर्प्स के सैन्य शिविर के दौरे के दौरान सैनिकों के कार्य व त्याग की सराहना करने पर खुशी जताई गई। बैठक में जानकारी दी कि 10 अप्रैल को अंबाला वेटेरन्स सहायता केंद्र अंबाला कैंट द्वारा ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक कैथल परिसर में स्पर्श पेंशन शिविर लगाया जाएगा। यह शिविर पूर्व सैनिकों, वीर नारियों और उनके परिवारों की समस्याओं के समाधान के लिए आयोजित किया जाएगा। बैठक में विभिन्न स्थानीय मुद्दों पर भी चर्चा की गई और सदस्यों ने अपने सुझाव रखे।

## दलहन फसलों की बिजाई पर मिलेगी प्रोत्साहन राशिः डीडीए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

किसानों को फसल विविधीकरण के लिए प्रोत्साहित करने और मिट्टी की सेहत सुधारने के उद्देश्य से कृषि एवं किसान कल्याण विभाग ने एक महत्वपूर्ण योजना शुरू की है। कृषि उपनिदेशक डॉ. रविन्द्र सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (आरकेवीवाई) के तहत धान की रोपाई से पहले खेत में हरी खाद (ढैंचा) या दलहनी फसलों की बिजाई करने वाले किसानों को प्रदेश सरकार की ओर से 1000 रुपये प्रति एकड़ की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

डॉ. रविन्द्र सिंह ने बताया कि इस योजना का लाभ लेने के लिए किसानों को 'मेरी फसल मेरा ब्यौरा' पोर्टल पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है। पंजीकरण प्रक्रिया मार्च के पहले सप्ताह से शुरू हो चुकी है और किसान 15 अप्रैल तक अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। योजना के तहत ढैंचा के अलावा समर मूंग, उड़द, लोबिया, मोठ, अरहर, सोयाबीन और ग्वार जैसी दलहन फसलें भी शामिल की गई हैं।

## नशा तस्करी की सूचना हेल्पलाइन नंबर 1933 पर दें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



केन्द्र व राज्य सरकार की नशा के विरुद्ध जारी लड़ाई में कैथल पुलिस पूरी प्रतिबद्धता और समर्पण के साथ जुड़ी हुई है। इस निर्णायक जंग में केंद्र सरकार ने एक ऐतिहासिक पहल करते हुए राष्ट्रीय नारकोटिक्स हेल्पलाइन मानस हेल्पलाइन नंबर-1933 की शुरुआत की है। यह हेल्पलाइन 24 घंटे है और इसका उद्देश्य जल्द से जल्द भारत को नशामुक्त बनाना है। सरकार की इस पहल को देशभर में नशा तस्करी रोकने, नशे की लत से पीड़ित लोगों को सहायता उपलब्ध कराने और समाज में जागरूकता फैलाने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। इस मुहिम से कैथल पुलिस भी जुड़ी हुई है और पुलिस नशा विरोधी अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए मानस हेल्पलाइन-1933 के माध्यम से प्राप्त सूचनाओं पर तत्परता से कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इस हेल्पलाइन के माध्यम से आमजन ड्रग तस्करी, नशा सेवन व इससे जुड़ी गतिविधियों की गोपनीय सूचना सांझा कर सकते हैं, जिसकी सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। इसके अतिरिक्त, हेल्पलाइन पर काउंसलिंग व पुनर्वास सुविधाएं भी उपलब्ध है, जिससे नशे के शिकार लोगों को दोबारा सामान्य जीवन की ओर लौटने में मदद मिलेगी। यह हेल्पलाइन देशभर की एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स से भी जुड़ी हुई है, जिससे सूचना मिलते ही तस्करों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सकेगी। एसपी मनप्रीत सिंह सूदन ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस हेल्पलाइन नंबर मानस-1933 का अधिक से अधिक प्रचार करें और नशे के खिलाफ इस लड़ाई में सक्रिय भागीदार बनें। उन्होंने बताया कि कैथल पुलिस नशा मुक्त भारत पखवाड़ा तहत लगातार आमजन से संपर्क स्थापित करके नशे के दुष्परिणामों बारे अवगत करवाते हुए नशा ना करने बारे जागरूक कर रही है। एसपी ने कहा कि सरकार का मानना है कि नशे के खिलाफ लड़ाई में प्रशासन के साथ-साथ समाज के हर वर्ग की भागीदारी जरूरी है।

### सदन ने जरूरतमंद परिवारों को बांटा राशन

कैथल। पंजाबी सेवा सदन परिसर में हर माह की तरह आर्थिक रूप से कमजोर जरूरतमंद परिवारों को राशन बांटा गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता पंजाबी सेवा सदन के प्रधान प्रदर्शन परुथी ने की। प्रधान प्रदर्शन परुथी ने जानकारी देते हुए बताया कि हर माह की तरह आज भी आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को संस्था द्वारा राशन वितरित किया गया जो कि हर माह के पहले रविवार को दिया जाता है। परुथी ने बताया कि अप्रैल माह के राशन सेवा की सहयोग राशि सीनियर सदस्य दिलबाग डोरा ने दी।

## खाटू श्याम के लिए बस यात्रा रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीवन

श्री बाबा खाटू श्याम परिवार, सीवन की ओर से रविवार को 22वीं धार्मिक बस यात्रा श्रद्धापूर्वक रवाना की गई। रामलीला मैदान से शुरू हुई इस यात्रा में इस बार श्रद्धालुओं की संख्या अधिक रहने पर दो बसें भेजी गईं। यात्रा के शुभारंभ के साथ ही "हारे का सहारा, बाबा श्याम हमारा" व जय श्री बालाजी के जयघोष से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित बिट्टू शर्मा द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना से हुई। इसके बाद युवा समाजसेवी राहुल कथूरिया व इंजीनियर नित्यम ने नारियल फोड़कर यात्रा का शुभारंभ किया। वहीं पार्षद विकास शर्मा और समाजसेवी संजू सैनी ने श्री श्याम ध्वजा दिखाकर बसों को रवाना किया।

इस मौके पर आयोजित संक्षिप्त समारोह में मुख्य अतिथियों ने कहा कि श्री खाटू श्याम जी मंदिर और श्री सालासर बालाजी धाम आस्था के प्रमुख केंद्र हैं, जहां दर्शन करने से श्रद्धालुओं को मानसिक शांति और नई ऊर्जा मिलती है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की यात्राएं समाज में धार्मिक भावना और आपसी सौहार्द को बढ़ावा देती हैं। परिवार के प्रधान संजय कंसल, उप-प्रधान सोनू सैनी और संरक्षक मनोज गिरधर ने बताया कि दो दिवसीय इस यात्रा में श्रद्धालुओं के लिए ठहरने, भोजन व पेयजल की समुचित व्यवस्था की गई है। यात्रा के दौरान श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए खाटू श्याम व सालासर बालाजी धाम के दर्शन करेंगे। यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला। बसों के रवाना होने से पहले श्रद्धालुओं ने श्याम द्वार के दर्शन कर आशीर्वाद लिया और जयकारों के साथ यात्रा पर निकले।

## विवि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप शिक्षा की गुणवत्ता के लिए प्रतिबद्ध : शमीम अहमद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय की अकादमिक काउंसिल की 109वीं बैठक शनिवार को विश्वविद्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में विश्वविद्यालय कुलपति प्रोफेसर डॉ शमीम अहमद की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में विश्वविद्यालय के शैक्षणिक विकास, पाठ्यक्रम संशोधन, विभिन्न संस्थानों के साथ सहयोग तथा प्रशासनिक नीतियों से जुड़े महत्वपूर्ण एजेंडा बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई और उन्हें अनुमोदन प्रदान किया गया। इस अवसर पर कुलसचिव एवं डीन ऐकेडमिक प्रो आर के गुप्ता ने मीटिंग की शुरुआत में सभी सदस्यों का स्वागत किया और मीटिंग से संबंधित एजेंडे पेश किए। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप शिक्षा की गुणवत्ता, नवाचार और अनुसंधान को निरंतर सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि विभिन्न संस्थानों और उद्योगों के साथ हुए सहयोग समझौते विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान, प्रशिक्षण और बेहतर रोजगार अवसर प्रदान करने में सहायक सिद्ध होंगे। विश्वविद्यालय कुलपति प्रोफेसर डॉ शमीम अहमद ने कहा कि विश्वविद्यालय का लक्ष्य विद्यार्थियों को केवल डिग्री देना ही नहीं, बल्कि उन्हें कौशल, अनुसंधान और नवाचार के माध्यम से वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करना है। उन्होंने कहा कि अकादमिक काउंसिल के ये निर्णय विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता को और मजबूत करेंगे।

इस अवसर विश्वविद्यालय चेयरमैन संदीप चहल, मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ बलराज ढांडा, डॉ के के कटारिया, प्रो वाइस चांसलर प्रो.देवेंद्र सिंह ढुल, प्रो. एचएस रोज, पूर्व कुलपति, प्रो आर. सी कोहाड़ पूर्व कुलपति केंद्रीय विश्वविद्यालय, प्रो राजेश पुनिया एम डी यू रोहतक, प्रो आर एस सिंह आदि उपस्थित रहे।

## राजकीय कन्या उच्च विद्यालय ढांड की पांच छात्राओं ने पास की एनएमएमएस की परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

खंड पूण्डरी राजकीय कन्या उच्च विद्यालय ढाण्ड की पाँच छात्राओं ने एनएमएमएस की पास करके विद्यालय का नाम रोशन किया है । जिले के 130 छात्रों की सूची में विद्यालय की पाँच छात्राओं के नाम आने से विद्यालय के स्टाफ़ में ख़ुशी की लहर है। विद्यालय की पावनी पुत्री दिनेश कुमार, प्रिया कुमारी पुत्री जितेंद्र राय, सोमवती पुत्री महक सिंह, माफ़ी पुत्री वेदपाल व सृष्टि मौर्या पुत्री रामपाल मौर्या ने यह परीक्षा पास की है। अध्यापक रोशन लाल पंवार ने बताया कि हर साल की भाँति छात्राओं ने परीक्षा पास करके विद्यालय का रिकॉर्ड क़ायम रखा। पिछले वर्ष भी इस विद्यालय की चार छात्राओं ने परीक्षा पास की थी। ग्राम पंचायत के सरपंच जसबीर सिंह कसाना, ब्लाक समिति सदस्य बलिया राम पठानिया व संजय गर्ग ने भी विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय स्टाफ़ व छात्राओं को बधाई व शुभकामनाएँ दी। विद्यालय स्टाफ़ द्वारा इन छात्राओं को प्रार्थना सभा में विशेष रूप से सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय के इंचार्ज राजीव कुमार, सुखबीर शर्मा, हकुमत लाम्बा, अनिल कुमार, जगदीश पीटीआई , राजेन्द्र कुमार , गुलाब सिंह, सुदेश देवी, ज्योति रानी, अनिता देवी, रीना सैनी, वीना कुमारी, सुनीता शर्मा तथा मीना देवी उपस्थित रहे ।



कैथल। अव्वल रही छात्राओं को सम्मानित करते स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### क्या है एनएमएमएस परीक्षा

एनएमएमएस भारत सरकार द्वारा आयोजित एक राष्ट्रीय स्तर की छात्रवृत्ति परीक्षा है। इसका उद्देश्य कक्षा 8 के आर्थिक रूप से कमजोर मेधावी छात्रों को आर्थिक सहायता (₹12,000 प्रति वर्ष) प्रदान करना है ताकि वे कक्षा 9-12 तक अपनी पढ़ाई जारी रख सकें और ड्रॉपआउट कम हो। केवल सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त या स्थानीय निकाय विद्यालयों में पढ़ने वाले कक्षा 8 के छात्र आवेदन कर सकते हैं, जिनके परिवार की वार्षिक आय ₹3.5 लाख से कम हो। इस परीक्षा में 90 बहुविकल्पीय प्रश्न विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, गणित विषयों से पूछे जाते हैं । हर जिले में मेरिट में आए लगभग 130 बच्चों को यह छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है।

**प्रशिक्षण** युवराज पब्लिक स्कूल में शिक्षकों को व्यवहार व संवाद शैली पर किया जागरूक

## हैप्पी क्लासरूम विषय पर इन-हाउस प्रशिक्षण में शिक्षकों को दी आधुनिक शिक्षण की सीख

- विद्यार्थियों के मानसिक एवं भावनात्मक विकास में अहम भूमिका निभाती है खुशहाल कक्षा : खुशी राम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

युवराज पब्लिक स्कूल बाता में हैप्पी क्लासरूम विषय पर एक विशेष इन-हाउस प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला सीबीएसई के दिशा-निर्देश के तहत आयोजित की गई, जिसमें रिसोर्स पर्सन खुशी राम दलाल ने शिक्षकों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य वक्ता खुशी राम दलाल ने हैप्पी क्लासरूम की अवधारणा को विस्तार से समझाते हुए कहा कि यह एक ऐसा सकारात्मक शिक्षण वातावरण है, जहां विद्यार्थी आनंदपूर्वक सीखते हैं और उनकी रचनात्मकता, आत्मविश्वास व सहभागिता का निरंतर विकास होता है। उन्होंने बताया कि कक्षा को खुशहाल बनाने में शिक्षक की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है, जिसमें उसका व्यवहार, संवाद शैली और नवीन शिक्षण विधियां अहम योगदान देती हैं।

करते हुए कहा कि यदि शिक्षक विद्यार्थियों के साथ मित्रवत व्यवहार अपनाएं, गतिविधि आधारित शिक्षण को बढ़ावा दें और कक्षा में सकारात्मक माहौल बनाए रखें, तो पढ़ाई न केवल प्रभावी बल्कि रोचक भी बन जाती है। उन्होंने खेल, समूह कार्य, प्रोजेक्ट आधारित लर्निंग तथा तकनीक के सही उपयोग को हैप्पी क्लासरूम का आधार बताया। उन्होंने आगे कहा कि विद्यालय बच्चों के सर्वांगीण विकास का केंद्र होता है और एक खुशहाल कक्षा विद्यार्थियों के मानसिक, सामाजिक एवं भावनात्मक विकास में अहम भूमिका निभाती है।

इस अवसर पर प्रिंसिपल अमनदीप कौर ने कहा कि अध्यापन एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है और इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षकों को नई-नई शिक्षण तकनीकों से परिचित कराते हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी विद्यालय इस तरह के गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा। कार्यशाला में विद्यालय के सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे और उन्होंने प्रशिक्षण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त की।



कैथल। हैप्पी क्लासरूम प्रशिक्षण कार्यशाला में उपस्थित मास्टर ट्रेनर व अध्यापक। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### शुभम शर्मा के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर

**राजौंद।** के वरिष्ठ पत्रकार दुर्गा दत्त के पुत्र शुभम शर्मा के आकस्मिक निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। इस दुखद घटना से हर वर्ग के लोग स्तब्ध हैं और परिवार के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त कर रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही हल्का कलायत से विधायक विकास सारण शोक व्यक्त करने के लिए राजौंद पहुंचे। उन्होंने शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर अपनी गहरी संवेदनाएं प्रकट की।इनेलो के प्रदेश संसदीय सचिव रामपाल माजरा ने भी परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाया।

### विजेंद्र सिंह तीसरी बार बने अनाज मंडी के उप प्रधान

**नरवाना।** अनाज मंडी के नवनिर्वाचित प्रधान जयदेव बंसल ने अपनी कार्यकारिणी का गठन किया। गौरतलब है कि जयदेव बंसल को सर्वसम्मति से प्रधान चुन लिया गया था और आज उसी कड़ी में उन्होंने अपनी कार्यकारिणी में उप प्रधान विजेंद्र सिंह डूमरखां वाले, बलबीर सरपंच सतीश मित्तल, सचिव विनय कुमार और कोषाध्यक्ष पंकज शर्मा को चुना गया। इसके अलावा लगभग 60 के करीब मेंबरों को कार्यकारणी सदस्य बनाया गया। विजेंद्र सिंह समाज के किसी भी धार्मिक कार्यक्रम में बढ़.चढ़कर भाग लेते हैं और तन मन धन से सदैव अग्रणी रहते हैं।

### एनआईआईएलएम विवि में हुई एथलीट मीट में लिया छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग

# खेलों से आत्म विश्वास व सहयोग भावना का होता है विकास : देवेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

खेल हमारे जीवन की आवश्यकता है। स्वस्थ शरीर और दिमाग विकसित करने में खेल अहम भूमिका निभाते हैं। बच्चे हो या बड़े हमें खेल में भाग लेना चाहिए क्योंकि यह सभी की शारीरिक क्षमता और कौशल को विकसित करने और बनाए रखने में कारगर हैं। यह वक्तव्य एन आई आई एल एम विश्वविद्यालय कैथल के कुलपति प्रोफेसर डॉ शमीम अहमद ने आज खेल परिसर आयोजित एथलीट मीट में बतौर मुख्यातिथि शुभारंभ करते हुए व्यक्त किए।

इस खेल प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में मुख्यातिथि द्वारा विश्वविद्यालय के झंडे का ध्वजारोहण किया गया और खिलाड़ियों ने मार्चपास्ट कर सलामी दी, यह ध्वजारोहण एवं मार्चपास्ट की प्रक्रिया विश्वविद्यालय चीफ एडमिन कप्तान अनिल कुमार एवं रामचंद के नेतृत्व में हुई। प्रो. डॉ शमीम अहमद ने दैनिक जीवन में खेल की महत्ता से अवगत करवाते हुए विद्यार्थियों को किसी एक खेल से जुडने के लिए मोटीवेट किया।

प्रो वाइस चांसलर एवं एथलीट मीट का नेतृत्व कर रहे डॉ देवेंद्र सिंह ढुल ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेल भी व्यक्तित्व विकास में महत्ती भूमिका निभाते हैं। खेल से नेतृत्व विकास, आत्म विश्वास, सहयोग भावना जैसे गुणों का विकास होता है, जो जीवन में सफलता प्राप्ति के लिए जरूरी हैं। उन्होंने इस एथलीट मीट में भाग लेने वाले सभी खिलाडिय़ों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इसके साथ साथ इस एथलीट मीट के आयोजन के लिए एथलीट मीट ऑर्गेनाइजर सेक्ट्री मीनू राणा और उनकी टीम की भी सराहना की और भविष्य में भी इस तरह के आयोजन आयोजित करने के लिए प्रेरित किया। प्रो. देवेंद्र सिंह ढुल ने प्रारंभ में इस एथलीट मीट के आयोजन उद्देश्य एवं रूपरेखा पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर हरियाणवी गायक एम के मकडाना ने अपने संगीतमय प्रस्तुति से समा बांध दिया और विश्वविद्यालय की कल्चरल टीम ने भी अपनी प्रस्तुति दी। डॉ अराधना एवं डॉ नीता कौशिक ने मंच संचालन का दायित्त्व बखूबी निभाया। एथलीट मीट के पहले दिन छात्र - छात्राओं ने रोप स्किपिंग, योगा, दौड़, शॉट पुट, लॉन्ग जंप, डिसकस थ्रो आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विश्वविद्यालय की इस एथलीट मीट में 550 प्रतिभागियों ने भाग लिया। यह जानकारी विश्वविद्यालय जनसंपर्क अधिकारी डॉक्टर मनोज कुमार ने दी।




कैथल। खेलों में दमखम दिखाते खिलाडी तथा अव्वल रहे खिलाडियों को सम्मानित करते पदाधिकारी । फोटो : हरिभूमि

**ये रहे उपस्थित**

विश्वविद्यालय चेयरमैन संदीप चहल, मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ संदीप चहल, विश्वविद्यालय कुलसचिव प्रो आर के गुप्ता,संकाय डीन डॉ एकता चहल, डॉ रेखा गुप्ता, दाखिला निदेशक राजेंद्र गोयत, डॉ सुमन भुक्कल, डॉ मंजीत जाखड़, डॉ गौतम, डॉ सुरेन्द्र कल्याण, डॉ डी डी शर्मा, डॉ राजीव पाल आदि उपस्थित रहे।




कैथल। विधायक को ज्ञापन सौंपते रिटायर्ड कर्मचारी संघ के सदस्य फोटो : हरिभूमि

# रिटायर्ड कर्मचारी संगठन ने विधायक जांबा को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

रिटायर्ड कर्मचारी संगठन हरियाणा सम्बंधित एटक के पुंडरी ब्लाक की मासिक मीटिंग पुंडरी ब्लाक प्रधान राज सिंह मुंदडी की अध्यक्षता में बस स्टैंड पुंडरी के प्रांगण में सम्पन्न हुई। मीटिंग का संचालन पुंडरी ब्लाक कैशियर जयभगवान सैणी ने किया। मीटिंग में प्रदेश कार्यकारिणी द्वारा पूर्व में लिए गए फैसले अनुसार रिटायर्ड कर्मचारियों की मांगों का ज्ञापन जिला प्रधान बलबीर शयोकद व वीरभान शर्मा चेयरमैन के नेतृत्व में विधायक हलका पुंडरी सतपाल जांबा के निवास पर रिटायर्ड कर्मचारी संगठन हरियाणा के शिष्टमंडल द्वारा मांगों का ज्ञापन सौंपा। रिटायर्ड कर्मचारियों की मांगों का ज्ञापन सौंपते हुए जिला कैशियर अशोक वधवा व सुखपाल धीमान सलाहकार ने विधायक सतपाल जांबा को मुख्यमंत्री के नाम रिटायर्ड कर्मचारियों की मांगों को लेकर बताया कि रिटायर्ड कर्मचारियों को 65- 70 -75 वर्ष की आयु उपरांत बेसिक पैंशन में क्रमशः 5%- 10% - 15% की वृद्धि की जाए जैसे कि पड़ोसी राज्य पंजाब एवं हिमाचल प्रदेश में पहले से ही लागू है । मेडिकल कैशलेस की सुविधा लागू की जाए ,कम्यूनिकेशन पेंशन की रिकवरी 15 साल की बजाय 12 साल में की जाए, मेडिकल भत्ता1000 से बढ़कर 3000 करना, पेंशनर की विधवा को भी एल टी सी की सुविधा प्रदान करते हुए एल टी सी के पुराने नियम को ही बरकरार रखा जाएं।

**ये रहे उपस्थित**

ज्ञापन सौंपने में सतपाल मैहला चेयरमैन पुंडरी ब्लॉक, पोप सिंह मलिक उपप्रधान पुंडरी ब्लाक, रामचंद्र सैनी, सुभाष जांबा, मेहर सिंह बुची ,सतीश कुमार, पुरुषोत्तम शर्मा आदि काफी संख्या में रिटायर्ड कर्मचारी शामिल हुए। विधायक सतपाल जांबा ने संगठन के शिष्टमंडल से वार्ता करते हुए आश्वासन दिया कि रिटायर्ड कर्मचारियों के मांगों का ज्ञापन मुख्यमंत्री को भेजा जाएगा।

# एजेंसी के नहीं आने से रविवार को भी नहीं हुई कलायत मंडी में गेहूं की खरीद

**गेहूं खरीद के लिए मंडी में तीन एजेंसियां अधिकृत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कलायत

कलायत अनाज मंडी में रविवार को भी गेहूं खरीद की शुरूआत नहीं हो पाई। इसकी वजह किसी भी खरीद एजेंसी के मंडी में खरीद के लिए नहीं पहुंचना रहा। मार्किट कमेटी सचिव अजय नैन ने बताया की अनाज मंडी में गेहूं की खरीद के लिए तीन एजेंसियां अधिकृत हैं। इसके अनुसार खरीद के लिए दिन बांटे गए हैं। रविवार का दिन खरीद के लिए नहीं रखा गया है। कलायत मंडी में 3 दिन हैफेड, 2 दिन वेयरहाऊस व 1 दिन खाद्य आपूर्ति विभाग गेहूं की खरीद करेगा।

कलायत अनाज मंडी, सब यार्ड बालू, सांघण, सजूमा, कैलरम व बडसीकरी में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवा दी गई हैं। जिन खरीद केंद्रों पर पीने के पानी की कमी है उस गांव की पंचायत को कहा गया है कि आवश्यकता के अनुसार या तो कैंपर या मटके खरीद केंद्र में रखवाए जाएं। इनका बिल कलायत मार्कीट कमेटी में दें और पेमेंट प्राप्त करें। उन्होंने बताया की खरीद के अलावा बारदाना व गेहूं के उठाव के लिए भी पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। मंडी में पीने के पानी के लिए 5 आरओ वाटर कूलर उपलब्ध हैं। शौचालयों की साफ सफाई का विशेष प्रबंध रखा गया है। मार्किट कमेटी चेयरमैन राजकिशन काका राणा ने बताया कि शनिवार को आई बरसात व ओलावृष्टि के कारण से गेहूं की फसल भीग गई जिसके कारण से मंडी में आने में देरी होगी। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि अपनी फसल को पूरी तरह से सुखा कर ही मंडी में लाएं ताकि तत्काल उसकी बिक्री हो सके। मंडी में सरसों की फसल की आवक पूरी तरह से बनी हुई है। सरसों की फसल का सरकारी रेट तो 62 सौ रुपए प्रति क्विंटल रखा गया है।



कैथल। कलायत अनाज मंडी में गेहूं की ढेरी को सुखाते मजदूर।

### चारे के लिए किसानों से सहयोग की अपील

# राम आदर्श गोशाला में बढ़ा 400 अतिरिक्त गोवंश, बढ़ेगा खर्च

**पूंडरी।** शहर स्थित श्री जय राम आदर्श गौशाला में प्रबंधक कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक प्रधान ओमप्रकाश गोलन की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में गौशाला की वर्तमान स्थिति और बढ़ती जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रधान ओमप्रकाश गोलन ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बार गौशाला में लगभग 400 गौवंश की संख्या बढ़ गई है, जिसके चलते चारे और अन्य व्यवस्थाओं का मासिक खर्च काफी बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि हर वर्ष गेहूं के सीजन में गौशाला के लिए भूसा एकत्रित किया जाता है, लेकिन इस बार बढ़ी हुई संख्या को देखते हुए अतिरिक्त भूसे की आवश्यकता है। उन्होंने पूंडरी व आसपास के गांवों के किसानों से अपील करते हुए कहा कि वे अधिक से अधिक मात्रा में भूसा दान करें, ताकि गौशाला में रह रहे गोवंश का उचित पालन-पोषण किया जा सके। उन्होंने कहा कि यह एक पुण्य कार्य है और समाज के हर वर्ग को इसमें बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। बैठक में कमेटी के सभी सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेदारियां भी सौंपी गईं। इसके तहत एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें कमेटी सदस्य प्रतिदिन गांव-गांव जाकर किसानों से संपर्क कर गौवंश के लिए भूसा एकत्रित कर रहे हैं। इस अवसर पर लाला धर्मपाल, राम प्रकाश गोगी, रमेश गोलन, चमेल सिंह बरसाना सहित अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।



# प्रवेश उत्सव पर जागरूकता अभियान में शिक्षा नीति पर किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कलायत

नए शैक्षिणक सत्र में प्रवेश उत्सव अभियान के तहत कलायत के राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय द्वारा विशेष जन संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत प्रधानाचार्य सुखदेव सिंह की अगुवाई में शिक्षक एवं शिक्षकाएं टोलियां बनाकर अभिभावकों को सरकारी स्कूलों की शिक्षा नीति की क्रमवार जानकारी दे रहे हैं। इस प्रकार के परिदृश्य के चलते गलियों और मोहल्लों में प्रवेश उत्सव को लेकर सुबह से सांय तक गहमागहमी का माहौल रहता है। प्रवेश उत्सव में नगर पालिका पार्षद व समाज सेवी संगठन भी रुचि लेते हुए जागरूक टीम के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रहे हैं। इस कड़ी में वार्ड 10 में पार्षद संजय सिंगला की अध्यक्षता में प्राध्यापक प्रकाश रवि गर्ग ने शिक्षक-शिक्षकाओं की मौजूदगी अभिभावकों को स्कूल में मिलने वाले सुविधाओं की जानकारी दी। प्रकाश रवि गर्ग ने बताया कि सीबीएसई से मान्यता प्राप्त विद्यालय के साथ-साथ सह शिक्षा होने के कारण लडक़े-लड़कियों दोनों को ही प्रवेश मिल सकता है।



कैथल। कलायत में पार्षद संजय सिंगला की मौजूदगी में सरकारी स्कूल के प्रवेश उत्सव जागरूकता कार्यक्रम में अभिभावकों के साथ मौजूद शिक्षक।

**कचरे को लोग डस्टबिन में डालना सुनिश्चित करे**

आज यह विद्यालय कलायत क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान बनाए है। उन्होंने अभिभावकों से अधिक से अधिक बच्चों को सरकारी स्कूल में प्रवेश के प्रति प्रेरित करने की अपील की। सरकारी स्कूल में शत प्रतिशत नामांकन के उद्देश्य में हर किसी की सहभागिता जरूरी है।

# केंद्र व प्रदेश सरकार किसानों को लूटने पर उतारू : सुरजेवाला



**कैथल ।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा कि हरियाणा में भाजपा सरकार का किसानों को लूटना अब खुल्लमखुल्ला हो गया है। नमी का बहाना पुराना हो चुका था, अब तुगलकी फरमानों और बायोमेट्रिक अड़ंगों का नया जाल बिछा दिया गया है।कैथल से एक प्रेस ब्यान जारी करते हुए रणदीप सुरजेवाला ने भाजपा को किसान विरोधी सरकार घोषित किया। सुरजेवाला ने कहा कि भाजपा सरकार एमएसपी पर सरकारी खरीदी का धोखा लगातार चला रही है। यह हरियाणा के किसानों से उनके हक की लूट की साजिश है।उन्होंने कहा कि गेहूं खरीदी में पहले से चला आ रहा "नमी का बहाना" प्राइवेट व्यापारियों के लिए लूट का हथियार बना हुआ था। अब प्रदेश की मंडियों में किसानों की मेहनत की फसल को बायोमेट्रिक मिलान, ट्रैक्टर-ट्रॉली वेरिफिकेशन, गेट पास और गारंटर जैसी शर्तों का नया तंत्र बनाकर रोका जा रहा है। यह **MSP** मारकर फसल लूटने का भाजपाई औजार बन गया है। रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कांग्रेस की तरफ़ से मुख्यमंत्री नायब सैनी और भाजपा सरकार से माँग करते हुए कहा कि बायोमेट्रिक मिलान, ट्रैक्टर वेरिफिकेशन, गेट पास और गारंटर जैसी अनावश्यक शर्तें तुरंत हटाई जाएं। एमएसपी पर बिना किसी अड़चन के 100% खरीदी सुनिश्चित की जाए।

# 13 को मनाया जाएगा स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उचाना

छह अप्रैल को भाजपा के स्थापना दिवस को धूमधाम से मनाने की तैयारी हरियाणा भाजपा की ओर से कर ली गई है। पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह पहुंचे कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा कि भाजपा के 47वें स्थापना दिवस के मौके पर प्रदेश भर में बूथ स्तर पर कार्यक्रम होंगे और कार्यकर्ता अपने घरों पर पार्टी का झंडा लगाएंगे। देशभर में 10 लाख से ज्यादा बूथों पर जाकर भाजपा सरकार की उपलब्धियां जनता को गिनाएंगे। सात से 12 अप्रैल तक गांव चलो, बस्ती चलो अभियान होगा। इस दौरान कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों से संवाद करेंगे और केंद्र में केंद्र में पीएम नरेंद्र मोदी, हरियाणा में नायब सिंह सैनी की सरकार की उपलब्धियों की जानकारी देंगे। उन्होंने कहा कि 13 अप्रैल को स्वच्छता अभियान और दीपोत्सव मनाया जाएगा। इस दिन संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमाओं के आसपास स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा और शाम को दीपोत्सव आयोजित होगा। 14 अप्रैल को संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर गोष्ठियां और विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 15 से 20 अप्रैल विचार प्रसार अभियान चलेगा। इस दौरान डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। 15 अप्रैल से 15 मई तक महाप्रशिक्षण अभियान चलेगा। प्रदेश के सभी जिलों में 36 घंटे का महाप्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित होगा।



उचाना। पत्रकारों से बातचीत करते हुए कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी।

### सीएम तीर्थ यात्रा योजना में बुजुर्गों को कराई जाएगी हजूर साहिब यात्रा

**कैथल।** डीसी अपराजिता ने बताया कि प्रदेश सरकार की कल्याणकारी पहल 'मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना' के अंतर्गत बुजुर्ग श्रद्धालुओं को पवित्र तीर्थ स्थल तख्त सचखंड श्री हजूर साहिब नांदेड़ (महाराष्ट्र) के दर्शन करवाए जाएंगे। 5 मई को कुरुक्षेत्र से एक विशेष ट्रेन रवाना होगी, जिसे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। उन्होंने बताया कि योजना के तहत यात्रा पूरी तरह निःशुल्क होगी और पात्र श्रद्धालुओं को रहने व खाने सहित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। श्रद्धालु 15 अप्रैल तक सरल हरियाणा पोर्टल पर अपना पंजीकरण करवा सकते हैं।

# जूनियर वर्ल्ड वुशु चैंपियनशिप में गौतम ने जीता कांस्य पदक



**राजौंद।** जूनियर वर्ल्ड वुशु चैंपियनशिप में भारतीय वुशु टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम गर्व से ऊँचा किया है। खिलाड़ियों ने कठिन प्रतिस्पर्धा के बीच अपने उत्कृष्ट कौशल, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का परिचय देते हुए महत्वपूर्ण पदक हासिल किए। यह उपलब्धि न केवल भारतीय वुशु खेल के बढ़ते स्तर को दर्शाती है, बल्कि देश के युवा खिलाड़ियों की मेहनत और समर्पण का भी प्रमाण है। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के प्रदर्शन का विवरण इस प्रकार है— गौतम ने 48 किलोग्राम वर्ग में शानदार खेल दिखाते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। अनु ने यूथ वर्ग में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल किया। वहीं युवराज ने 48 किलोग्राम वर्ग में कड़ी टक्कर देते हुए रजत पदक जीतकर देश को गौरवान्वित किया। इन खिलाड़ियों ने अपने मुकाबलों में आत्मविश्वास, तकनीक और धैर्य का बेहतरीन प्रदर्शन किया, जिससे उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी अलग पहचान बनाई।

# नपा में पार्कों की सुरक्षा एवं रखरखाव फर्जीवाड़े से अधिकारियों में मचा हड़कंप

**सचिव ने महाराजा अग्रसेन पार्क का दौरा कर निरीक्षण किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कलायत

कलायत शहर के सात पार्कों की सुरक्षा एवं रखरखाव को लेकर आरटीआई के माध्यम से सामने आए फर्जीवाड़े को के बाद नगर पालिका प्रशासन में हडक़ंप है। धरातल पर व्यवस्था को परखने के लिए नगर पालिका सचिव पवन कुमार खुद कर्मचारियों के साथ महाराजा अग्रसेन पार्क में पहुंचे। औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने पार्क के सौंदर्यीकरण और बुनियादी सुविधाओं की जांच की। निरीक्षण के समय पार्क सुपरवाइजर नवीन, सफाई दरोगा सोम प्रकाश शर्मा व अन्य कर्मी मौजूद रहे। सचिव ने पार्क परिसर में पौधों की छंटाई, सिंचाई, सफाई, हरियाली और अन्य सुविधाओं का निरीक्षण किया। नपा सचिव ने कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए कि पार्क की देखरेख में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने विशेष रूप से शौचालय की साफ-सफाई और उचित रखरखाव पर बल दिया। कर्मचारियों को आदेश दिया कि पार्क के भीतर जल निकासी और सफाई की व्यवस्था को दुरुस्त रखा जाए। सचिव ने सुपरवाइजर और अन्य फील्ड स्टाफ को कहा कि अगर कोई भी व्यक्ति पार्क की व्यवस्था खराब करता है या सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाता है तो उसकी सूचना तुरंत उच्च अधिकारियों को दी जाए।



कलायत। के महाराजा अग्रसेन पार्क में कर्मचारियों को दिशा निर्देश देते सचिव पवन कुमार

**बैठक** | निपुण हरियाणा मिशन के तहत 10 को होगी डीपीआईयू की बैठक

प्रत्येक स्कूल को छात्र संख्या बढ़ाने के प्रयासों का देना होगा ब्यौरा

# कार्यों का मूल्यांकन, लक्ष्यों की रूपरेखा व शैक्षणिक गुणवत्ता पर होगी विस्तृत चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में 10 अप्रैल 2026 को जिला परियोजना कार्यान्वयन इकाई (डीपीआईयू) की बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक की अध्यक्षता जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी करेंगे। जिला समन्वयक एफएलएन राजेश वशिष्ठ ने बताया कि यह बैठक निपुण हरियाणा मिशन की प्रगति की समीक्षा के लिए बुलाई गई है। बैठक का मुख्य उद्देश्य मिशन के तहत चल रहे कार्यों की स्थिति का मूल्यांकन करना, आगामी लक्ष्यों की रूपरेखा तय करना और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए ठोस रणनीतियां बनाना है। बैठक में छात्र संख्या में वृद्धि, उपस्थिति की निगरानी, और शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। 31 मार्च तक और उसके बाद एक अप्रैल से अब तक की छात्र सं या का ब्योरा लिया जाएगा। प्रत्येक स्कूल को अपने स्तर पर छात्र संख्या बढ़ाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा करनी होगी। इसके साथ ही, यह भी देखा जाएगा कि किन स्कूलों में नामांकन में गिरावट आई है और उसके कारणों का विश्लेषण किया जाएगा। निपुण हरियाणा स्कूल डैशबोर्ड पर हाल ही में जोड़ा गया नया छात्र उपस्थिति टैब भी बैठक का एक प्रमुख विषय रहेगा। इस टैब के माध्यम से शैक्षणिक वर्ष 2025-26 (15 फरवरी 2026 तक) के कार्य दिवसों और बच्चों की उपस्थिति का सटीक विवरण सुनिश्चित किया जाएगा। यह प्रणाली स्कूलों में पारदर्शिता बढ़ाने और उपस्थिति के आंकड़ों को वास्तविक समय में मॉनिटर करने में मदद करेगी। बैठक में फरवरी 2026 के निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार क्लस्टर हेड, एबीआरसी, बीआरपी, खंड शिक्षा अधिकारी, डीपीसी और एपीसी द्वारा किए गए स्कूल दौरों और कक्षा अवलोकनों की समीक्षा की जाएगी। जिन अधिकारियों ने अपने निर्धारित लक्ष्य पूरे नहीं किए हैं, उनसे स्पष्टीकरण मांगा जाएगा। यह कदम प्रशासनिक जवाबदेही को मजबूत करने और शिक्षा व्यवस्था में अनुशासन बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास माना जा रहा है।



जींद। निपुण गतिविधियों में भाग लेते हुए बच्चे।

**बैठक में तय होगी रणनीतियां**

निपुण हरियाणा मिशन के तहत 10 अप्रैल को होने वाली यह बैठक जिले के शिक्षा तंत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है। इस बैठक से न केवल मिशन की प्रगति का आकलन होगा, बल्कि आने वाले महीनों के लिए ठोस रणनीतियाँ भी तय की जाएंगी। निपुण हरियाणा मिशन का लक्ष्य स्पष्ट है कि हर बच्चा भाषा और गणना में निपुण बने। इसी दिशा में जींद जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग मिल कर कार्य कर रहे हैं। जैसा कि मिशन का नारा है निपुण जींद का एक ही सपना, सब बच्चे समझें भाषा और गणना।